*जनपद*- झाँसी

*थाना*- चिरगांव

*घटना*- पुलिस टीम का बदमाशों के साथ हुई मुठभेड़ में 01 अभियुक्त घायल/गिरफ्तार जबकी 01 मौके से फरार हो जाने की सूचना के सम्बन्ध में-

*दिनांक घटना*- 21.06.2025 समय 20:54 बजे-

*घटनास्थल*- सुल्तानपुरा ओवरब्रिज से आगे झाँसी की तरफ सर्विस रोड के किनारे थाना चिरगांव, झाँसी

*अभियुक्त*- 1. सत्यम परिहार उर्फ कल्लू पुत्र अमर सिंह निवासी सुल्तानपुरा थाना चिरगांव जनपद झांसी

2. दुष्यंत परिहार पुत्र मेहरबान निवासी सुल्तानपुरा थाना चिरगांव, झाँसी-

*बरामदगी*- एक 315 बोर का तमंचा एक जिन्दा कारतूस व तमंचे में फंसा हुआ खोखा कारतूस बरामद-

*विवरण*-

सादर अवगत कराना है कि आज दिनाँक 21.05.2025 को समय करीब 20.54 बजे थाना चिरगांव क्षेत्रान्तर्गत सुल्तानपुरा ओवरब्रिज से आगे झाँसी की तरफ सर्विस रोड के किनारे थाना चिरगांव पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान बदमाशों के साथ हुई मुठभेड़ में बदमाश 1. सत्यम उर्फ कल्लू उपरोक्त के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जीवन रक्षा की दृष्टिगत घायल बदमाश को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया। जबकी बदमाश दुष्यंत परिहार उपरोक्त मौके से फरार हो गया।

अभियुक्तों के कब्जे से एक 315 बोर का तमंचा 01 जिन्दा कारतूस व तमंचे में फंसा हुआ खोखा कारतूस बरामद किया गया। गिरफ्तारी/बरामदगी एवं पुलिस मुठभेड़ के सम्बन्ध में अभियुक्तों के विरुद्ध थाना चिरगांव पर विधिक कार्यवाही की जा रही है। मौके पर पूर्णत शान्ति है।

संक्षिप्त विवरण-

सादर अवगत कराना है कि दिनांक 14.06.2025 को श्रीमती विद्या देवी उम्र करीब 65 वर्ष पत्नी स्व0 परशुराम राजपूत व मुकेश राजपूत उम्र 17 वर्ष के साथ अभियुक्त 1. सत्यम परिहार पुत्र अमर सिंह निवासी ग्राम सुल्तानपुरा 2. दुष्यन्त परिहार पुत्र मेहरबान परिहार द्वारा गलत काम किये जाने के सम्बन्ध में थाना चिरगांव पर मु0अ0सं0 146/25 धारा 333/64/352/351(3) बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट अभियुक्तगण उपरोक्त के विरूद्ध पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही की जा रही थी।

उक्त के क्रम में आज दिनांक 21.06.2025 को रात्रि करीब 08.54 बजे चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर सुल्तानपुरा ओवरब्रिज से आगे झाँसी की तरफ सर्विस रोड के किनारे पुलिस द्वारा दोनों अभियुक्तों को पकड़ने का प्रयास किया गया तो दोनों अभियुक्तों ने पुलिस पर फायर करते हुये भागने का प्रयास किया। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ किये गये फायर में अभियुक्त सत्यम के दाहिने पैर में गोली लगी तथा अभियुक्त दुष्यन्त फायर करते हुये मौके से भाग गया। जीवन रक्षा के दृष्टिगत घायल अभियुक्त सत्मय उपरोक्त को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया। सत्यम के कब्जे से एक अदद 315 बोर तमंचा व 01 अदद जिन्दा कारतूस व तमंचे में फँसा हुआ एक अदद खोखा कारतूस बरामद हुआ है।

*सादर*

*वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक*

*जनपद-झाँसी*